वर्ष 21 अंक 332
पृष्ठ 24
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार
16 जून 2011
नोएडा
मूल्य ₹ 3.50

दैनिक जागरण

'भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे आएं युवा'

ग्रेटर नोएडा, संवाददाता : नॉलेज पार्क दो स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पीजीडीएम के 24वें सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान हुए कार्यक्रम में कॉलेज के 390 छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री व जनता पार्टी के अध्यक्ष सुब्रमण्यम स्वामी व टाटा ग्रुप के डायरेक्टर भारत वाकलू थे। छात्रों को संबोधित करते हुए सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। जो देश को खोखला कर रही हैं। आवश्यकता है भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के जागरूक होने की। भारत वाकलू ने मूल्यों. व नेतृत्व कौशल पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नई सोच विकसित करने की आवश्यकता है। कॉलेज के निदेशक डाक्टर हरिवंश चतुर्वेदी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नॉलेज पार्क स्थित बिमटेक कॉलेज के 2011-2012 सत्र के शुभारंभ पर छात्रों को संबोधित करते जनता पार्टी के अध्यक्ष डॉ. सुब्रहमण्यम स्वामी। जागरण